# कुमार जीवन - 82

**अव्यक्त बापदादा :-**

➳ _ ➳ **यूथ ग्रुप :-** यूथ ग्रुप को मुबारक हो। देखो, थोडे समय में ऑर्डर मिलने से पहुँच गये हो। इसकी विशेष मुबारक है। अच्छा यहाँ तो आये लेकिन मंसा सेवा की? जो विशेष आत्मायें आनी थी उन्हों की यहाँ बैठे मंसा सेवा की? **कारण अकारण आ नहीं सके लेकिन मंसा सेवा से उन आत्माओं को कुछ पहुँचाया** कि सिर्फ मीटिंग की? वह आत्मायें भी याद तो करती होंगी, आना था, पहुँचना था।

➳ _ ➳ अच्छा है यूथ ग्रुप और बढ़ता जाए, तो भारत की समस्या खत्म हो जाए। यूथ का कर्तव्य है अपने-अपने स्थान के यूथ को ब्राह्मण यूथ बनावे। भ्रष्टाचार से बचाये, श्रेष्ठाचारी बनाये। अभी देखो गवर्मेन्ट तक भी आवाज पहुँचा है लेकिन स्पष्ट रिजल्ट उनकी बुद्धि में क्लीयर हो जाए, तो उन्हों को और नजदीक लाना पड़ेगा। हर शहर के, स्थान के जो भ्रष्टाचार, झगड़ा करने वाले यूथ ग्रुप हैं उन्हों की सेवा का कुछ न कुछ तरीका बनाना चाहिए। कोई ऐसा यूथ का परिवर्तन करके दिखाओ। हर एक शहर में यूथ ग्रुप तो होता ही है ना, तो हर एक शहर वाले कोई दो तीन यूथ ग्रुप को परिवर्तन करके दिखावे जो सबके ध्यान पर आ जाये। **जैसे जेल में सेवा की थी तो कई परिवर्तन हुए जो जहाँ तहाँ अनुभव सुनाते थे, ऐसे ही कोई यूथ ग्रुप की जो एसोशियेशन्स हैं उसका परिवर्तन करके दिखाओ। और वह यूथ, दूसरे यूथ को अनुभव सुनावें।**

➳ _ ➳ **कर रहे हैं, अच्छा है। लेकिन अभी ऐसा कोई एक्जैम्पल निकालो, जो अति झगड़ालु हो, उसको ठीक करके दिखाओ**, नामीग्रामी हो। है ना हिम्मत? ऐसा कोई परिवर्तन करके दिखाओ, जैसे बापदादा कहते हैं ना माइक बनाओ, वैसे **आप झगड़ालू को शान्तमय बनाके एक्जैम्पुल दिखाओ**, ऐसा ग्रुप बनाके यहाँ लाना।

➳ _ ➳ देखो कितने यूथ आये हैं, बहुत हैं। अच्छे-अच्छे हैं और सब तरफ के हैं। फॉरेनर्स भी हैं। अच्छा है। अभी कोई आवाज फैलाओ। थोड़ा- थोड़ा सेवा तो कर रहे हो, खाली तो नहीं बैठे हो लेकिन कोई ऐसे जैसे बॉम्ब डालते हैं ना तो आवाज होता है, ऐसे कोई **आत्मिक बॉम्ब लगाओ।** एटम बॉम्ब नहीं, आत्म बॉम्ब। अच्छा - मुबारक हो बहुत। टाइम पर पहुँचने की मुबारक हो। (15-12-2004)

**अव्यक्त बापदादा :-**

➳ _ ➳ कुमार ग्रुप :- (गीत गाया - मैं बाबा का, बाबा मेरा......) अच्छा है, कुमार, डबल कुमार हो गये हो। एक दुनिया के हिसाब से भी कुमार हो और इस ब्राह्मण जीवन में भी ब्रह्माकुमार हो। तो डबल कुमार हो। तो डबल काम करना पड़ेगा। करेंगे? हुआ ही पड़ा है। **दृढ़ संकल्प किया और सफलत हुई ही पड़ी है।** (07-03-2005)

➢➢ मनसा सेवा कैसे करें ?

➳ _ ➳ सर्व शक्तियों का फुल स्टॉक

➳ _ ➳ व्यर्थ बातों का फुल स्टॉप

➳ _ ➳ रहमदिल..

➳ _ ➳ शुभ भावना .. शुभ कामना ..

➳ _ ➳ परोपकार की भावना

---

➢➢ यूथ को अध्यात्म की और आकर्षित कैसे करें ?

➳ _ ➳ मनसा सेवा करें

➳ _ ➳ युक्ति से प्रोग्राम्स में INVITE करें

➳ _ ➳ साहित्य गिफ्ट करें

➳ _ ➳ परिवर्तित हुई आत्माओं के अनुभव उन्हें सुनाएं

➳ _ ➳ स्वयं के अनुभव भी सुनाएं

➳ _ ➳ PEACE OF MIND के रोचक कार्यक्रमों के बारे में बताएं

➳ _ ➳ रूहानी स्नेह की लेन देन करें

➳ _ ➳ स्वयं को एक EXAMPLE के तौर पर प्रस्तुत करें

---